हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 26 अगस्त 2025
खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार

RERA No. : PCGRERA140825001957

## NEEL SAGAR
A BUSINESS CORRIDOR

### बप्पा के आशीर्वाद से सजेगा व्यापार, NEEL SAGAR में होगा समृद्धि का विस्तार

आज के समय में सही लोकेशन और सही वातावरण ही व्यवसाय की सबसे बड़ी ताक़त है.
बप्पा के आशीर्वाद से Neel Sagar के आस-पास हैं, Hospitals, Schools, Banks, Malls, Hotels आदि.
यानि ये एक ऐसा व्यवसायिक केंद्र होगा, जो करेगा आपके व्यापार की समृद्धि का विस्तार।

**Site & Floor Plan:**
- Basement + Upper Basement (for parking)
- Ground Floor (best for retail businesses)
- First & Second Floors (ideal for retail and wholesale businesses)
- Third Floor (Terrace) – Perfect for restaurants, fine dining & multipurpose use
- Multiple lifts (6'×6' and 8'×8')

**Core Amenities:**
- Wi-Fi Zone on Terrace
- CCTV in common areas & parking
- Diesel generator backup (at passege areas and parking)
- 24×7 water supply
- Toilets on each floor
- Fire extinguishers on every floor


**Specifications:**
- RCC framed structure
- Internal walls – Plastic emulsion finish
- External walls – Weather coat paint
- Tiles in common areas
- Granite staircases

**Electricals:**
- Concealed wiring of ISI standard
- Adequate modular switches
- Provision of A/C wiring in every shop
- Separate transformer as per CSEB norms



A Project by:
Sagar Infrastructure
Kabbeer Prashant Chadha

Architect:
AR. S.K. Shukla
Shukla & Associates
M.: +91 98931 27733



ONE OF THE LARGEST Commercial Complexes in the Region

Concept & Design @ AdPRAYAS

Contact for Booking
+91 97531 40004

कार्यालय:
सागर गोल्डन स्क्वायर, मंगला चौक, मुंगेली रोड, बिलासपुर
+91 97531 40004

Member of CREDAI BILASPUR

For more information scan this QR code

**खबर संक्षेप**

## जनदर्शन में जानी लोगों की समस्याएं व शिकायतें

**जशपुरनगर।** जिला कार्यालय में सोमवार को अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू द्वारा जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री सम्मान निधि प्राप्ति, राजस्व संबंधी मामले, रोजगार, शिक्षक मांग, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास प्राप्ति, मजदूरी भुगतान, ट्रांसफार्मर बदलने, अतिक्रमण हटाने, मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध कराने, पीडीएस में अनियमितता की शिकायत आदि संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में कुल 25 आवेदन प्राप्त हुए।

## जिले में 1 जून से अब तक 8514.2 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 8514.2 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 25 अगस्त तक की स्थिति में 7818.2 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 144.0 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 982.3 मिमी, मनोरा में 1046.3 मिमी, कुनकुरी में 1218.3 मिमी, दुलदुला में 530.9 मिमी, फरसाबहार में 683.1 मिमी, बगीचा में 929.0 मिमी, कांसाबेल में 798.5 मिमी, पत्थलगांव में 747.2 मिमी, सन्ना में 976.0 मिमी एवं बागबहार में 602.6 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

## गणेशोत्सव को शांतिपूर्ण मनाने समिति की बैठक

**जशपुरनगर।** भगवान गणेश की स्थापना के साथ ही दस दिवसीय गणेशोत्सव का शुभारंभ होगा। उत्सव को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्वक और व्यस्थित तरीके से मनाने के लिए आज सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी के द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्य, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, एसडीएम विश्वास राव मस्के, सीएमएचओ डॉ. जीएस जात्रा, एसडीओपी चंद्रशेखर परमा, कमांडेंट जिला सेनानी विपिन लकड़ा मौजूद रहे। बैठक में अपर कलेक्टर श्री साहू ने गणेश पंडाल आयोजक समितियों से कहा कि प्रशासन के द्वारा समितियों को हर जरूरी सहयोग प्रदान किया जाएगा। विसर्जन के दौरान रेस्क्यू टीम तैनात रहेगी। इसके साथ यातायात व्यवस्था के लिए भी टीमें लगाई जाएगी। उन्होंने आयोजकों को रैली निकालने और विसर्जन करने के समय की सूचना प्रशासन को देने को कहा। ताकि आवश्यक व्यवस्था बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की दुर्घटना से बचने विसर्जन के समय विशेष सावधानी बरते। जिनको तैरना आता है वहीं विसर्जन के दौरान मौजूद रहे। बैठक में अतिरिक पुलिस अधीक्षक ने पर्यावरण संरक्षण के लिए मिट्टी की मूर्ति स्थापित करने, गणेश पंडाल में बिजली की समुचित व्यवस्था करने, किसी जिम्मेदार व्यक्ति को वॉलंटियर रखने, फायर एक्सटिंग्विशर रखने, जुलूस के समय किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र का उपयोग नहीं करने, तालाब में अनावश्यक कचरा नहीं फैलाने और साउंड सिस्टम को निर्धारित ध्वनि स्तर पर बजाने की अपील आयोजक समितियों से की।

## कीटनाशक पीने से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुई महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पत्थलगांव थाना अंतर्गत ग्राम करमी टिकरा निवासी प्रेमवती पति कृपाल सिंह (36 वर्ष) 11 अगस्त को अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी ली। महिला की तबीयत बिगड़ जाने पर परिजन उसे पत्थगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### रॉक क्लाइम्बिंग चढ़ाई के लिए निकलने की कर रहे तैयारी

# जशपुर से हिमालय तक जनजातीय युवाओं की ऐतिहासिक चढ़ाई की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





जशपुर जिला जो अब तक अपनी हरियाली, झरनों और शांत वनों के लिए प्रसिद्ध रहा है, देशदेखा क्लाइम्बिंग सेक्टर की स्थापना के बाद अब एक और नई पहचान बनाने जा रहा है।

भारत के इतिहास में पहली बार किसी प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय युवा हिमालय की चोटियों पर अल्पाइन तरीके की रॉक क्लाइम्बिंग चढ़ाई के लिए निकलने की तैयारी कर रहे हैं। मियार वैली ट्राइबल अल्पाइन एक्सपेडिशन 2025 केवल एक पर्वतारोहण अभियान नहीं है, बल्कि यह पूरे प्रदेश और देश के लिए गर्व और उम्मीद की कहानी बन रहा है। इस अभियान के लिए अंतिम चरण में पांच युवाओं का चयन किया गया है, जिनकी अपनी-अपनी कहानियां प्रेरणादायक हैं। रुसनाथ भगत जो एमए हिस्ट्री के छात्र और एनसीसी कैडेट हैं, शहर में अपने लोकप्रिय नेपोलियन चाउमिन सेंटर चलाते हैं और कंटेंट क्रिएशन में भी सक्रिय हैं। तेजल भगत एम.एससी. बॉटनी की छात्रा, अपने गांव बस्ता में एकता क्लब के ज़रिए शिक्षा और बाल अधिकारों के लिए काम करती हैं। सचिन कुजूर, एमए हिस्ट्री के छात्र, जय हो एनजीओ से जुड़े रह चुके हैं और सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के साथ-साथ मंडार, एक पारंपरिक जनजातीय वाद्य बजाने में माहिर हैं। प्रतीक, बीकॉम स्नातक और एनएसएस वॉलंटियर, खेती करना पसंद करते हैं और परिवार का सहारा बनने के लिए बर्तन की दुकान में काम भी कर चुके हैं। वहीं रवि सिंह, बाइक मैकेनिक और साइकिलिंग के शौकीन ने हाल ही में जशपुर का पहला देशदेखा क्लाइम्बिंग को नामक एडवेंचर गाइडिंग कार्य बाकी प्रशिक्षित युवाओं के साथ शुरू किया है। टीम को जशपुर के जंगलों और आसपास की चट्टानों में कठोर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहाँ उन्हें कैंपिंग, ट्रैड क्लाइम्बिंग, रूट ओपनिंग, वाइल्डरनेस फर्स्ट एड और माउंटेन एथिक्स जैसी अहम तकनीकें सिखाई जा रही हैं। प्रशिक्षण की कमान स्वप्निल शिरीष रचेलवार, अमेरिका से डेव गेट्स, रनर्सग्च से सागर दुबे, प्रसिद्ध भारतीय कोच प्रतीक निनवाने वर्तमान में यू मुम्बा कबड्डी टीम के प्रमुख फिटनेस कोच और ईशान गुप्ता जैसे अनुभवी प्रशिक्षकों के हाथों में है। यह प्रशिक्षण केवल शारीरिक तैयारी नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर भी केंद्रित है। जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार के इस अभियान को स्थानीय लोगों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बड़े पैमाने पर समर्थन मिला है। विश्व की सबसे बड़ी पर्वतारोहण उपकरण निर्माता कंपनी पेटज़ल ने भारत में अपने साझेदार अलाइड सेफ्टी इक्विपमेंट के साथ मिलकर आधिकारिक उपकरण प्रायोजक की भूमिका निभाई है। अद्वेनोम एडवेंचर और जय जंगल ने पौष्टिक और ऑर्गेनिक भारतीय शैली के एडवेंचर फ़ूड उपलब्ध कराने का जिम्मा उठाया है। रनर्सग्च, एक प्रतिष्ठित एथलीट कोचिंग ब्रांड, टीम की शारीरिक और मानसिक मजबूती पर काम कर रहा है। इसके साथ स्पेन की प्रसिद्ध बार्सिलोना क्लाइम्ब्स और मिस्टिक हिमालयन ट्रेल्स ने गाइडिंग और बेसकैंप गतिविधियों में सहयोग दिया है।

## जिले में 3 सिंचाई योजनाओं के मरम्मत व जीर्णोद्धार की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



■ 9.49 करोड़ की लागत से होगा मरम्मत व जीर्णोद्धार कार्य

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और कृषि उत्पादन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिले में तीन महत्वपूर्ण सिंचाई योजनाओं के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। 9 करोड़ 49 लाख 23 हजार की लागत के इन तीन सिंचाई योजनाओं के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण हो जाने से सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी। इससे कृषि उत्पादन क्षमता बढ़ने से किसानों की आय में भी बढ़ोतरी होगी।

मुख्यमंत्री श्री साय की पहल पर जिन कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है उनमें विकासखंड फरसाबहार में 3 करोड़ 47 लाख 21 हजार रुपए लागत से कोनपारा (दलटोली डेम) का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य, 3 करोड़ 46 लाख 14 हजार रुपए की लागत के विकासखंड बगीचा में सोरो व्यपवर्तन योजना का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य और 2 करोड़ 55 लाख 88 हजार रुपए की लागत से विकासखंड फरसाबहार की अंकिरा तालाब योजना का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य शामिल है। इन कार्यों के पूर्ण हो जाने पर सिंचाई की सुविधा में बढ़ोतरी होगी। किसानों को वर्षभर फसलों के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। इसके साथ ही जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा जिससे सूखे की स्थिति में भी फसलों को सुरक्षित रखा जा सकेगा। इन कार्यों के पूरा हो जाने से न केवल किसानों की आय और उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि ग्रामीण अंचल की कृषि आधारित आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति प्राप्त होगी।

## लेखा प्रशिक्षण शाला में लिपिकीय संवर्ग हेतु आवेदन 30 तक

**अम्बिकापुर।** लेखा प्रशिक्षण शाला अंबिकापुर के प्राचार्य ने बताया कि सत्र नवम्बर 2025 से फरवरी 2026 तक लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारी हेतु आवेदन 1 सितम्बर से 30 सितम्बर तक निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों सहित आमंत्रित किया गया है। पूर्णरूपेन भरा हुआ आवेदन पत्र जिसमें 3 वर्ष पूर्ण सेवा के साथ परिवीक्षा अवधि अनिवार्य रूप से पूर्ण होने के पश्चात अपने कार्यालय/विभाग के माध्यम से कार्यालय प्राचार्य लेखा प्रशिक्षण शाला अम्बिकापुर, कन्या परिसर, (महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) में निर्धारित समयावधि में जमा किया जा सकता है।

## एनएचएम महिला कर्मियों ने शासन के खिलाफ रचाई मेहंदी



**जशपुरनगर।** जिले के 800 से अधिक एनएचएम अधिकारी, कर्मचारी अपनी नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों के पूरे होने की आस में हड़ताल स्थल में अब भी पूरे उत्साह व जोश के साथ डटे हुए हैं। उनका कहना है कि जब तक शासन स्तर से लिखित में हमारे मांगों के पक्ष मे आदेश नहीं आ जाता तब तक हड़ताल समाप्त नहीं होगा।

आज हड़ताल के आठवे दिन एनएचएम कर्मचारी मेहंदी के माध्यम से अपनी हथेलियों पर नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों को उकेरा और इसी क्रम में धरना स्थल के निकट स्थित रंजीता स्टेडियम में एनएचएम कर्मचारियों ने गोल मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन किया। दिन-ब-दिन खराब होती स्वास्थ व्यवस्था और मौसमी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप को ध्यान में रखते हुए यह देखना महत्वपूर्ण है कि एनएचएम कर्मचारियों के वर्षों से लंबित नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों को पूरा करने के संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश की सरकार पहल कब तक करती है। एनएचएम कर्मचारियों का आंदोलन धीरे-धीरे उग्र होता जा रहा है और लोगों के मन में उनकी जायज मांगों के प्रति सहानुभूति भी जग रही है। कई संघों के द्वारा एनएचएम संघ के मांगों के पक्ष मे समर्थन भी दिया जा रहा है साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि यदि जल्द से जल्द प्रदेश सरकार हमारे एनएचएम कर्मचारियों के हित में कोई निर्णय नहीं लेगी तो वे भी मैदान में उतर कर आंदोलन मेंसम्मिलित हो जाएंगे।

## संकल्प कुनकुरी के बच्चों ने हासिल की गौरवपूर्ण उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



सत्र 2020-2021 में समाज के पिछड़े और कमजोर वर्गों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं मेडिकल कॉलेज एवं प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश हेतु निशुल्क कोचिंग प्रदान करने के लिए कलेक्टर जशपुर के मार्गदर्शन में कक्षा नवमी से प्रारम्भ हुए संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी में क्रमशः एक एक कक्षा की वृद्धि प्रति वर्ष होने के साथ सत्र 2023-2024 में कक्षा बारहवीं का प्रथम बैच पास होकर निकला।

इस बैच से कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में दो बच्चों अनिशा और विभा ने राज्य प्रवीण्य सूची में स्थान बनाया था। पिछले वर्ष इस बैच के तीन बच्चों अनिशा,श्लेष और निरंजू ने जे ई ई एडवांस के लिए पात्रता प्राप्त की। इन तीनों बच्चों ने एक साल का ड्राप लेकर पुनः तैयारी करने का निर्णय लिया। इसी बैच से वृंदा और प्रतिमा ने गत वर्ष सी यू ई टी के माध्यम से गुरुघासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में क्रमशः बी. एस-सी एवं बी ए में प्रवेश पाया। इस वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के 20 बच्चों ने नीट एवं 20 बच्चों ने जे ई ई मैंस की परीक्षा दी। इनमें से एक छात्रा आशिस्ता एक्का ने शासकीय लखीराम अग्रवाल स्मृति मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में प्रवेश पाकर इतिहास रच दिया। पाँच बच्चों ने जे ई ई एडवांस के लिए पात्रता प्राप्त की। इन पाँच बच्चों में से एक छात्रा अनिशा एक्का ने इस वर्ष एन आई टी रायपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग में प्रवेश प्राप्त किया जबकि एक छात्र रोशनदीप को आई आई आई टी तिरुचिरापल्ली में प्रवेश की पात्रता प्राप्त हुई।दो छात्रों नितेश एवं श्लेष ने सी जी पी ई टी के माध्यम से शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज रायपुर के मेकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में प्रवेश पाया। संकल्प कुनकुरी के इन बच्चों की स्वर्णिम सफलता में संकल्प कुनकुरी के सभी विषय शिक्षकों एवं कोचिंग शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर कलेक्टर जशपुर रोहित व्यास,जिला पंचायत सी ई ओ अभिषेक कुमार,जिला शिक्षा अधिकारी पी के भटनागर,संकल्प जशपुर के प्राचार्य विनोद गुप्ता ने संकल्प कुनकुरी के प्राचार्य वाई आर कैवर्त,सभी शिक्षकों एवं सफल विद्यार्थियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं।

## साले ने की जीजा की हत्या आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल



**जशपुरनगर।** मियां बीबी के आपसी विवाद ने ले ली है एक व्यक्ति की जान। दोनों में आपसी विवाद होने पर बीबी ने घर छोड़कर आपने मायके चली गई थी। पति जब अपनी पत्नी को लेने जब अपने ससुराल गया तो उसके सले ने यह कहते हुए अपने जीजा को पेट में ऐसी लत मारी कि दूसरे दिन जीजा की मृत्यु हो गई।

पुलिस के अनुसार कुटका राम, उम्र 72 वर्ष, निवासी लोखंडी, ने थाना सिटी कोतवाली जशपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि, वह मृतक रामसाय राम का पिता है। 16 अगस्त को उसके बेटे मृतक रामसाय राम व उसकी बहु के मध्य किसी बात में वादविवाद होने पर ग्राम लोखंडी के ही बस्ती बनडीपा, स्थित अपने मायके में चली गई थी। 21 अगस्त की रात्रि में वे सभी भोजन करके, आराम कर रहे थे, इसी दौरान उसका बेटा मृतक रामसाय राम, अपनी पत्नी को लेने जा रहा हूं, कहकर अपनी पत्नी के मायके बनडीपा, लोखंडी गया व रात्रि करीबन 11 बजे घर वापस आकर बताया कि उसकी पत्नी के मायके में उसका साला, आरोपी सत्यम राम, के द्वारा अपनी बहन को तुम्हारे साथ नहीं भेजूंगा, कहते हुए, इसके साथ वाद विवाद करने लगा, व गुस्से में मृतक रामसाय राम के पेट में, जोरदार लात मारा है, जिससे उसके पेट में दर्द हो रहा है। फिर 22 अगस्त को शाम 4 बजे उसके बेटे की मृत्यु हो गई।

## गौवंश तस्करी पर पुलिस का शिकंजा, मिनी ट्रक से 17 मवेशी बरामद, तीन गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**जशपुरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे ऑपरेशन शंखनाद के तहत जशपुर पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। थाना कांसाबेल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक मिनी ट्रक से 17 नग गौवंशों को बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त टाटा एलपी टी 710 मिनी ट्रक क्रमांकसीजी 12 बीइ 3442 को भी जब्त कर लिया है। 23 अगस्त को कांसाबेल पुलिस को सूचना मिली कि एक मिनी ट्रक में बड़ी संख्या में गौवंशों को ठूंसकर झारखंड ले जाया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराने के बाद थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुनील सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई और संभावित मार्गों पर नाकेबंदी की गई। ग्राम हथगड़ा के पास संदिग्ध मिनी ट्रक को रोकने पर चालक सहित तीन व्यक्ति मौके पर मौजूद पाए गए। इनमें से दो भागने का प्रयास कर रहे थे जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें 17 गौवंश ठूंस-ठूंसकर भरे पाए गए। पशु चिकित्सक से जांच कराए जाने पर सभी गौवंश सकुशल पाए गए। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम हरिप्रसाद राम (56 वर्ष) निवासी सीतामढ़ी कोरबा, बुधीयार सिदार (27 वर्ष) निवासी बेलटोली कांसाबेल तथा कबीर सिदार (38 वर्ष) निवासी बगिया कांसाबेल बताया। पुलिस द्वारा मांगे जाने पर आरोपियों ने 20 नग गौवंश की खरीदी का बिल प्रस्तुत किया, किंतु जांच में वह फर्जी पाया गया। बिल में दर्ज व्यक्ति ने किसी प्रकार के मवेशी खरीदने से इनकार किया। प्राथमिक जांच मे सामने आया है कि गौवंश ग्राम टाटीडांड निवासी घूरन नामक व्यक्ति के कहने पर लोड किए गए थे। पुलिस इस संबंध में विस्तृत जांच कर रही है।

## धान उपार्जन हेतु जिले में तैयारियों की अपर कलेक्टर ने ली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ उठाव हेतु शेष धान का एक सप्ताह में उठाव हेतु दिए निर्देश

खरीफ फसल वर्ष 2025-26 के दौरान धान उपार्जन की तैयारियों हेतु कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला कार्यालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने धान उपार्जन का समय आने से पूर्व समितियों में उठाव हेतु शेष धान की स्थिति की जानकारी ली।

उन्होने प्रत्येक समिति से एक सप्ताह के भीतर शत प्रतिशत उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने धान की कमी की शिकायत वाली समितियों में अधिकारियों को मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। किसी समिति में गड़बड़ी पाए जाने पर तुरंत समिति संचालक के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने धान उपार्जन से पूर्व एग्रिस्टेक योजना के तहत डिजिटल क्रॉप सर्वे की स्थिति की जानकारी लेते हुए इसे जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। एग्रिस्टेक योजना के अंतर्गत बी 1 खसरे के अद्यतन ना होने एवं फौती नामांतरण संबंधित समस्याओं पर चर्चा करते हुए तहसीलदार एवं पटवारियों के माध्यम से जानकारी प्रदान कर सर्वे पूर्ण करवाने को कहा। उन्होंने अबतक जिन किसानों का एग्रिस्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं हुआ है, उन्हें एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बारदाने की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने नए बारदानों को जल्द से जल्द प्राप्त करने एवं पुराने बारदाने जो मिलर्स के पास हैं उनका खाद्य निरीक्षकों द्वारा सत्यापन कराकर उनका सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी मिलर्स के साथ खाद्य विभाग के अधिकारियों से बैठक आयोजित कर उठाव एवं भंडारण हेतु चर्चा करने के निर्देश दिए गए। खाद्य निरीक्षकों को पीडीएस दुकानों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के भंडारण हेतु सहकारी समितियों को मांग पत्र भेजने एवं मांग अनुरूप भंडारण सुनिश्चित करने को कहा। इस बैठक में एसडीएम विश्वास राव मस्के सहित खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम, सहकारिता विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पीएम मातृ वंदना योजना : जशपुर में विशेष शिविर का किया गया आयोजन

# बच्चों को खेल-खेल में समझाई गई आवश्यक कलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



खेलते हुए बच्चे।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के रजत जयंती वर्ष होने के उपलक्ष्य में जिले में रजत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में 24 अगस्त को जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिसमें शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा, प्रधानमंत्री मातृ वंदना पंजीयन शिविर आयोजित कर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के द्वारा शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा के अंतर्गत विभिन्न गतिविधि का एक त्योहार एवं उत्सव की तरह मनाया गया। इस गतिविधि में बच्चों ने खेल-खेल में एक दूसरे का स्वागत किया एवं कई प्रकार के शारीरिक, सामाजिक एवं बौद्धिक गतिविधि का आयोजन कर इसे एक त्यौहार के रूप में मनाया। जिसमें बच्चों को बहुत सारी आवश्यक कलाएं खेल खेल में समझाया गया। साथ ही सामंजस्य के द्वारा जीवनयापन और एक समुदाय के रूप में जिम्मेदारियों की भी जानकारी दी गई। सभी ने बढ़चढ़ कर सभी गतिविधियों में हिस्सा लिया। इसी प्रकार परियोजना स्तर पर जशपुर एकीकृत बाल विकास परियोजना में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री मातृ वंदन पंजीयन अभियान शिविर का आयोजन कर समस्त गर्भवती माताओं को विशेष अभियान चलाया जाकर शत प्रतिशत गर्भवती माताओं का पीएमएमवीवाय पोर्टल पर पंजीयन हेतु जानकारी दी गई। इस अवसर पर उन्हें योजना का लाभ शत प्रतिशत दिलाये जाने हेतु पर्यवेक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सुझाव एवं योजना की पूर्ण जानकारी भी दी गई। इस कार्यक्रम में उपस्थित गर्भवती महिलाओं का आवेदन पत्र भरा गया। इस कार्यक्रम में 85 महिलाएं सम्मिलित हुए।

## 84 लीटर शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**वाड्रफनगर।** पुलिस ने अवैध रूप से शराब तस्करी करने के मामले में सफलता हासिल की है। पुलिस ने देश शराब के टेट्रा पैक की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को पकड़ने के साथ ही उनके पास से 84 लीटर शराब जब्त किया है। बता दें कि अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी व एसडीओपी राम अवतार ध्रुव के नेतृत्व में मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर रघुनाथनगर पुलिस ने झापर के रास्ते में घेराबंदी कर बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडडी 2001 को रोककर उसकी तलाशी ली गई।

तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री


4 खाद संकट को लेकर किसानों ने तहसील कार्यालय का किया घेराव





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183


## 8 साल से सोनिया नगर में डंके की चोट पर चला रहा क्लीनिक, स्वास्थ्य विभाग अंजान

# मौत की सुई : एक इंजेक्शन से युवक की मौत तथाकथित डॉक्टर की डिग्री पर उठे सवाल..!






हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कोतरारोड के सोनिया नगर में एक तथाकथित डॉक्टर द्वारा सर्दी-बुखार से पीड़ित युवक को इंजेक्शन लगाने से एक घंटे बाद ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद तथाकथित डॉक्टर की डिग्री की पर भी सवाल उठने लगे हैं। स्वास्थ्य विभाग से बिना किसी अनुमति व लाइसेंस के वह 8 सालों से क्लीनिक चला रहा है, वहीं विभागीय अधिकारी इस मामले में खुद को अंजान बता रहे हैं।

दरअसल सोनियानगर निवासी भोला यादव (45) सर्दी-बुखार से पीड़ित था और उसके कंधे में दर्द की भी शिकायत थी। ऐसे में वह पास ही के पटाखा गोदाम के सामने स्थित नेचरो क्लीनिक इलाज कराने पहुंचा। जहां डॉक्टर द्वारा उसे इंजेक्शन लगा कर घर भेज दिया गया। घर पहुंचने के बाद अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और एक घंटे बाद उसकी सांसे थम गई। बताया जा रहा है कि इस क्लीनिक का संचालन भुवनेश्वर साहू करता है जो खुद को डॉक्टर बताता है। वह मोहल्लों के लोगों के अलावा दूर-दराज के मरीजों का भी इलाज करता है। उसने क्लीनिक के बगल में दवाई दुकान भी खोल रखी है, जहां उसके द्वारा लिखी दवाई मिलती है। खास बात यह है कि क्लीनिक के बाहर न तो कोई डॉक्टर का नाम है और न ही किसी प्रकार की डिग्री का जिक्र है। इसके बाद भी यहां रोजाना करीब चार दर्जन मरीजों का इलाज होता है। चौकाने वाली बात यह है कि तथाकथित डॉक्टर भुवनेश्वर साहू बीते 8 सालों से यहां अपनी दुकान चला रहा है। उसकी डिग्री क्या है, उसके पास क्लीनिक संचालन की अनुमति है या नहीं, उसने स्वास्थ्य विभाग से नर्सिंग एक्ट के तहत लाइसेंस ली है या नहीं इसकी जानकारी स्वयं स्वास्थ्य विभाग के पास भी नहीं है। जिससे विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है और इसका खामियाजा भोला यादव को भुगतना पड़ा है।

### पुलिस ने भी कर्तव्यों से झाड़ा पल्ला

तथाकथित डॉक्टर के इंजेक्शन से युवक की मौत की खबर पूरे शहर में आग की तरह फैल गई। इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को भी हुई, लेकिन पुलिस जब मौके पर पहुंची तो भोला के शव को मुक्तिधाम ले जाया गया था। पुलिस वहां पहुंची तो शव के उपर लकड़ी डाल दिया गया था, ऐसे में पुलिस खाली हाथ ही वहां से लौट आई। जबकि मामला संदेहास्पद होने पर पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पीएम करा सकती थी, लेकिन पुलिस का कहना है कि उन्हें कोई प्रार्थी ही नहीं मिला तो वह क्या कर सकती है।

### अब तक 6 लोगों की हो चुकी है मौत

स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार तथाकथित डॉक्टर भुवनेश्वर साहू के इलाज से अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। जिसमें एक छोटी बच्ची भी शामिल है। इसके बाद भी वह डंके की चोट पर क्लीनिक चलाता आ रहा है। बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य विभाग की शह पर ही वह अपनी दुकान चला रहा है। अब जब मामले का भांडाफोड़ हो चुका है तो तथाकथित डॉक्टर फरार हो गया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी इस बारे में कुछ कहने से बच रहे हैं, सिर्फ जांच के बाद कुछ कह पाने की बात कह रहे हैं।

### परिजन हुए मैनेज, नहीं कराया पीएम

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस घटना के बाद तथाकथित डॉक्टर भुवनेश्वर साहू मृतक के घर पहुंचा था, जहां उसे मोहल्लेवासियों के विरोध का सामना करना पड़ा। चूंकि मृतक गरीब परिवार से था और कुछ दिन बाद उसके बेटे की शादी होने वाली है तो भुवनेश्वर ने पासा फेंका और उसके परिजन को 4 लाख रुपए में मैनेज कर लिया। बदले में शव का पीएम नहीं कराने की शर्त रखा। ऐसे में परिजनों द्वारा भोला यादव की मौत संदेहास्पद होने के बाद भी बिना पुलिस को जानकारी दिए और पोस्टमार्टम कराए शव का दाह संस्कार कर दिया गया।

### क्लीनिक में छोटे-मोटे ऑपरेशन भी होते हैं

बताया जा रहा है कि भुवनेश्वर साहू अपने क्लीनिक में मरीजों को भर्ती करके भी उनका इलाज करता है। जहां इंजेक्शन लगाने, बॉटल चढ़ाने के अलावा छोटे-मोटे ऑपरेशन भी वह खुद ही करता है। उसकी डिग्री से अंजान लोग भी उसे डॉक्टर समझ कर उसके पास इलाज कराने पहुंचते हैं। जबकि उक्त क्लीनिक की जांच का जिम्मा स्वास्थ्य विभाग का है।

### सीधी बात : केनन डेनिलय, नर्सिंग एक्ट प्रभारी, स्वास्थ्य विभाग

**सवाल :** सोनिया नगर में तथाकथित डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन लगाने से एक व्यक्ति की मौत मामले में आपकी टीम मौके पर गई थी को क्या मिला?

**जवाब :** अभी तक कुछ नहीं मिला है, क्लीनिक संचालक के नदारद रहने से हमें जो वहां उनके परिजन मिले उनसे सारे डॉक्युमेंट मंगाए गए हैं।

**सवाल :** यह क्लीनिक कब से संचालित हो रहा है?

**जवाब :** जब संचालक से मुलाकात होगी, उसके बाद ही जानकारी दे पाएंगे।

**सवाल :** क्लीनिक संचालन के लिए उसने स्वास्थ्य विभाग से अनुमति व नर्सिंग एक्ट के तहत लाइसेंस लिया है?

**जवाब :** इसलिए तो जितनी भी जानकारी है उससे मंगाए हैं, हम एक बार अपने तरफ से भी देख लेते हैं।

**सवाल :** उसे विभाग से अनुमति प्राप्त है या नहीं, उसे लाइसेंस जारी किया गया है या नहीं इसका रिकार्ड तो आपके पास भी होगा?

**जवाब :** रिकार्ड रहता है, लेकिन उनसे भी तो जानकारी लेना जरूरी है ना, वो किस आधार पर काम कर रहे हैं।

**सवाल :** हम उन्हें झोलाछाप कहेंगे या डिग्रीधारी डॉक्टर?

**जवाब :** बिना किसी जानकारी के कुछ नहीं बोल सकते, पहले जानकारी ले लेते हैं, मैटर क्या है वो समझ लेते हैं, इसके बाद किसी निष्कर्ष पर पहुंचेंगे।

हमें मृतक के परिजनों की ओर से कोई शिकायत या आवेदन नहीं मिला है। हमें पता चला तो पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। टीम द्वारा मृतक के परिजनों ने कहा गया कि अगर मृत्यु संदेहास्पद है तो मर्ग इंटीमिशन कराएं, लेकिन उन्होंने मना करते हुए कहा कि भोला की मौत बीमारी से हुई है, उन्हें इसमें कोई आपत्ति नहीं है। उनके द्वारा शव का पीएम भी नहीं कराया गया। जब तक कोई कंप्लेन नहीं करेगा, प्रार्थी नहीं बनेगा तो हम क्या कर सकते हैं। हमनें समझाने का प्रयास किया कि जो भी हो मृत्यु का कारण पता चला जाएगा पर वो नहीं माने।

**सुखनंदन पटेल**
टीआई, कोतवाली थाना

## हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतरारोड़ पुलिस ने पत्नी की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी भीखम दास महंत उर्फ भीखो उर्फ विक्रम निवासी बालमगोड़ा को घेराबंदी कर पकड़ लिया है।



आरोपी को केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास दबोचा गया। बताया गया कि आरोपी ने अपनी पत्नी की हत्या कर फरार हो गया था और तब से पुलिस उसकी तलाश में थी। मामला 10 अगस्त 2025 का है, जब थाना कोतरारोड़ अंतर्गत ग्राम बालमगोड़ा से एक महिला को संजीवनी 108 एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसी दिन उसकी मौत हो गई। इस संबंध में थाना चक्रधरनगर से बिना नंबर मर्ग डायरी मिलने पर कोतरारोड़ पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया। जांच के दौरान ग्रामवासियों ने बताया कि भीखम दास महंत करीब छह माह पहले महिला को अपने साथ लाकर पत्नी के रूप में रखने लगा था और आए दिन उससे विवाद कर मारपीट करता था। वह महिला को रेलवे स्टेशन के पास से लेकर आना बताया था जिसके बारे में और जानकारी नहीं थी। कई बार गांव के लोगों ने भीखम को समझाया, लेकिन वह अपनी आदत से बाज नहीं आया। करीब एक माह पहले भी उसने पत्नी से मारपीट की थी। 7 अगस्त की रात भीखम दास ने महिला को बेरहमी से पीटा था, उस समय उसके सिर में गंभीर चोट और हाथ जल जाने से फफोले हो गए थे। महिला की बिगड़ती हालत को देखकर ग्रामीणों ने अस्पताल ले जाने की बात कही तो आरोपी महिला को एक परिचित के घर के पास छोड़कर भाग निकला था। गांव वालों ने एम्बुलेंस बुलाकर अस्पताल भेजवाया, इलाज के दौरान 10 अगस्त को महिला की मौत हो गई।

## खबर संक्षेप

### जिले में 1008.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 25 अगस्त तक 1008.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 6 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1181.7 मिली मीट, पुसौर में 1071, खरसिया में 888.7, घरघोड़ा में 1024.8, तमनार में 747.8, लैलूंगा में 904.8, मुकडेगा में 1178.5, धरमजयगढ़ में 870, छाल में 902.9 एवं कापू में 1316.9 मिली

### जब्त मादक पदार्थों का 10 को किया जाएगा नष्टीकरण

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय रायगढ़ के अंतर्गत थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त किए गए मादक पदार्थों के नष्टीकरण हेतु जिला स्तरीय औषधि व्ययन समिति का गठन किया गया है। समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत थानों से नष्टीकरण योग्य प्रकरणों की सूची एवं मूल प्रपत्र प्राप्त कर आवश्यक जांच एवं परीक्षण पूर्ण कर लिया गया है। समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि नष्टीकरण योग्य पाए गए मादक पदार्थों को 10 सितम्बर को प्रातः 11 बजे एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड, जामगांव स्थित भत्त्री में विधिवत रूप से जलाकर नष्ट किया जाएगा। यह नष्टीकरण की कार्यवाही जिला स्तरीय औषधि व्ययन समिति के सदस्यों तथा पंचान गवाहों की उपस्थिति में की जाएगी।

### तीन वर्षीय पट्टे पर 5 दुकानों की नीलामी 28 को

**रायगढ़।** जनपद पंचायत कार्यालय पुसौर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत नावापारा अ के व्यवसायिक परिसर साप्ताहिक बाजार के समीप में 15-10 आकार के निर्मित 5 दुकानों को तीन वर्षीय पट्टे पर देने हेतु नीलामी 28 अगस्त को दोपहर 12 बजे से कार्यालय जनपद पंचायत पुसौर के सभाकक्ष में किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति नियत तिथि एवं समय पर जनपद पंचायत कार्यालय पुसौर के सभाकक्ष में उपस्थित होकर 20 हजार रुपए की अमानत राशि जमा कर निर्धारित शर्तों के अधीन नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

### आंबा कार्यकर्ता पद के लिए 10 तक आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजनाए रायगढ़ शहरी के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र बांजीनपाली महरापारा, वार्ड क्रमांक 30 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद रिक्त होने पर उक्त पद की पूर्ति के लिए 27 से 10 सितम्बर तक इच्छुक आवेदिकाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

## संविदा कर्मचारियों ने नेताओं की आरती उतारकर याद दिलाए वादे

**रायगढ़।** सत्ता में आने से पहले लुभावने वादे करने वाले नेताओं को अब संविदा कर्मचारियों ने उनके वादों की याद दिलाना शुरू कर दिया है। एनएचएम संविदा कर्मियों ने अपनी नाराजगी जताते हुए अनोखे अंदाज़ में नेताओं की आरती उतारी और जोरदार नारेबाज़ी करते हुए सरकार को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मांगों पर कार्रवाई नहीं हुईए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।




कर्मचारियों का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं में वर्षों से मेहनत करने के बावजूद उन्हें न तो नियमितिकरण का लाभ मिला है और न ही स्थायी नौकरी की गारंटी। जबकि सत्ता में आने से पहले नेताओं ने मंचों से यह आश्वासन दिया था कि संविदाकर्मियों के भविष्य को सुरक्षित किया जाएगा। अब जब वे सत्तासीन हैं तो उन वादों को भूल गए हैं। एनएचएम संविदा कर्मचारी संगठन ने साफ किया है कि यह लड़ाई अब केवल प्रतीकात्मक विरोध तक सीमित नहीं रहेगी। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह आंदोलन आर.पार की लड़ाई है और जब तक सरकार संविदाकर्मियों से किए अपने वादों पर अमल नहीं करतीए तब तक विरोध.प्रदर्शन जारी रहेगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, साथी घायल

**रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात वाहन टककर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। वहीं अज्ञात वाहन चालक की पतासाजी की जा रही है। धर्मेन्द्र कुमार यादव ने खरसिया थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वह बिहार के शेखपुर जिला के अंतर्गत आने वाले पैगम्बरपुर का निवासी है। वर्तमान में चपले में किराये के मकान में रहते हुए रॉयल इंफ्रा कोन्सट्रु लिमिटेड में काम करता है। रविववार की शाम 4 बजे वह मोटर सायकल अपने साथी संजय महतो के साथ सामान लेने खरसिया जा रहा था। जब दोनों एनएच 49 में चोंढ़ा के पास स्थित रेलवे ओवर ब्रिज के पास पहुंचे ही थे कि सामने की तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार दोनों को जोरदार टककर मार दिया। इस दुर्घटना में बाइक चला रहे संजय महतो के सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

## अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा देलारी का माध्यमिक स्कूल

**स्कूल भवन की हालत जर्जर, कहीं गिर रहा प्लास्टर तो कहीं टपक रहा पानी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार ब्लाक के ग्राम पंचायत देलारी में संचालित माध्यमिक शाला भवन अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। भवन के जर्जर होने के कारण कहीं प्लास्टर गिर रहा है तो कहीं पानी टपक रहा है। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए शिक्षक उन्हें प्रायमरी स्कूल में ही बैठा कर पढ़ाने को मजबूर हैं। स्कूल प्रबंधन की ओर से प्रशासनिक अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया जा चुका है, लेकिन आज पर्यंत तक प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। ग्रामीण भी नए स्कूल भवन निर्माण की मांग कर रहे हैं।

दरअसल तमनार ब्लाक के ग्राम पंचायत देलारी गांव में संचालित शासकीय माध्यमिक शाला का भवन काफी जर्जर हो चुका है। ग्रामीणों के अनुसार भवन पुराना होने की वजह से पिछले 10 सालों से जर्जर स्थिति में है। बिल्डिंग का प्लास्टर झड़ रहा है तथा बारिश में छत से पानी टपकता है। बताया जा रहा है कि ग्राम देलारी व पाली सहित आसपास के करीब 100 से अधिक बच्चे इस स्कूल में अध्ययन के लिए आते हैं।



### प्रायमरी स्कूल में लग रही कक्षाएं

पूर्व में जान जोखिम में डाल कर बच्चे पढ़ाई कर रहे थे, लेकिन भवन की मरम्मत नहीं होने से हालत और बिगड़ती जा रही है। छत के प्लास्टर भी कई जगह से गिर गया है। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए प्रायमरी स्कूल में कक्षाएं लगाई जा रही है, जिससे दोनों ही स्कूल के छात्रों को कई प्रकार की परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। इन परेशानियों को देखते हुए कुछ अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला गांव से बाहर दुसरे स्कूलों में करा चुके हैं।

### स्कूल प्रबंधन भी कर चुका है शिकायत

ग्रामीणों के साथ ही स्कूल प्रबंधन द्वारा भी कई बार शिक्षा विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में आवेदन देकर नए भवन निर्माण की मांग की जा चुकी है, लेकिन आज पर्यंत तक विभागीय अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। हाल ही में सरपंच के नेतृत्व में भी ग्रामीणों ने कलेक्टर को जनदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत आवेदन देकर स्कूल भवन निर्माण की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में कई उद्योग लगे हैं, जिनके सीएसआर मद से भी भवन निर्माण का कार्य हो सकता है, लेकिन अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**रामलीला मैदान में 27 से 40 वें चक्रधर समारोह का होगा भव्य शुभारंभ**

## कुमार विश्वास से आगाज, कैलाश करेंगे समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला मुख्यालय स्थित रामलीला मैदान में देश-विदेश में ख्याति प्राप्त 40 वें चक्रधर समारोह का भव्य शुभारंभ 27 अगस्त से होगाए जो 5 सितम्बर तक चलेगा। इस दस दिवसीय महोत्सव में शास्त्रीय संगीत और लोक कलाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। देश.प्रदेश के सुप्रसिद्ध कलाकार अपनी शानदार प्रस्तुतियों से रायगढ़ की संस्कृति को समृद्ध करेंगे।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने टेंट.पंडाल, बैठक व्यवस्था, बिजली, साउंड सिस्टम, सुरक्षा, भोजन एवं जलपान, प्रतीक्षालय, साफ-सफाई, ग्रीन रूम, स्वास्थ्य सुविधा सहित जरूरी व्यवस्थाओं की तैयारी की जानकारी ली और अधिकारियों को जिम्मेदारी गंभीरता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चक्रधर समारोह रायगढ़ की पहचान हैए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि चक्रधर समारोह का शुभारंभ राज्यपाल रमेन डेका करेंगे। समापन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की गरिमामयी उपस्थिति में होगा। पहला दिन देश के जाने.माने सुप्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास काव्य पाठ करेंगे। समापन दिवस में सुप्रसिद्ध गायक पद्मश्री कैलाश खेर सुरों का जादू बिखेरेंगे। इस दस दिवसीय समारोह में शास्त्रीय गायन, वादन और नृत्य की विविध शैलियों के साथ लोक कला की मनमोहक झलक देखने को मिलेगी। मोतीमहल परिसर में 01 से 03 सितम्बर तक कुश्ती एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### औरदा में विकासखंड स्तरीय कला उत्सव

**रायगढ़।** शासन के निर्देशानुसार युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोडने एवं उनकी प्रतिभाओं को उभारने के उद्देश्य से विकासखंड स्तरीय कला उत्सव का आयोजन स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूलए औरदा में हुआ।
इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष पुसौर श्रीमती हेमलता चौहान ने संबोधित करते हुए संस्कृति व कला के बारे में बताया। जिला पंचायत सदस्य भाग्यवती डोल नायक, संदीप पंडा एवं उपस्थित अतिथियों ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति सामूहिक नृत्य के साथ शुरू हुई। इस प्रतियोगिता में सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोक गीत, व्यक्तिगत लोक नृत्य, व्यक्तिगत लोक गीत, कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण, कविता, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, कृषि उत्पाद, रॉकबैड आदि विधाओं में प्रतिभागी शामिल होकर प्रतिस्पर्धा में भाग लिए। कार्यक्रम पश्चात प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### अवैध महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार



**रायगढ़।** रायगढ़ के खरसिया आबकारी वृत्त अंतर्गत अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए 20 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त की है। उक्त कार्रवाई प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी क्रिस्टोफर खलखो के निर्देश पर की गई। आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 अगस्त को ग्राम कोड़ाभांठाए गिधा थाना खरसिया क्षेत्र में अवैध शराब के संग्रहण और बिक्री की शिकायतों के आधार पर दबिश दी गई। मौके पर आरोपी अनिल कुमार डनसेना के कब्जे से 02.02 लीटर की 10 प्लास्टिक बोतलों में कुल 20 लीटर हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब बरामद की गई। आबकारी विभाग ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज किया है। प्रकरण को विवेचना में लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

### हथियार लहराकर भय दिखाने वाले चढ़े पुलिस के हत्थे

**सक्ती।** सार्वजनिक स्थान पर तलवार और चाकू लहरा कर लोगों में भयभीत करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को 23 अगस्त को मुखबीर से सूचना मिली कि सक्ती में तीन व्यक्ति अपने हाथ में लोहे के तलवार लेकर लहरा कर घुम रहे है और आने -जाने वालो को डर-धमका रहे है। सूचना पर पुलिस थाना की टीम मौके पर पहुंची। बस स्टैण्ड सक्ती पर एक व्यक्ति लोहे का तलवार तथा दो व्यक्ति अपने अपने हाथों में लोहे का चाकू लेकर लहराते हुए लोगों को डरा धमका रहे थे।

## पुसौर में कांग्रेस नेताओं के साथ किसानों का प्रदर्शन

# खाद संकट को लेकर किसानों ने तहसील कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

क्षेत्र में खाद (डीएपी और यूरिया) की भारी किल्लत को लेकर बुधवार को किसानों का सब्र टूट गया। बड़ी संख्या में किसान कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ पुसौर तहसील कार्यालय पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। किसानों ने कार्यालय का घेराव करते हुए प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराया गया तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

किसानों ने तहसील परिसर में खड़े होकर नारे लगाए। इस दौरान उन्होंने खेती किसानी बचाओ – खाद तुरंत दिलाओ। डीएपी-यूरिया दो, वरना कुर्सी छोड़ो। जैसे नारे लगाए। किसानों का कहना था कि खेती के सीजन में समय पर खाद नहीं मिलने से बोआई और फसल चौपट होने की कगार पर है। मजबूरी में उन्हें खुले बाजार से ऊंचे दामों पर खाद खरीदना पड़ रहा है, जो उनके ऊपर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रहा है। कांग्रेस नेताओं ने भी किसानों की समस्याओं को गंभीर बताते हुए कहा कि वर्तमान सरकार किसानों को जानबूझकर परेशान कर रही है। खाद की किल्लत ने उन्हें मजबूर कर दिया है कि वे सड़कों पर उतरें। यदि प्रशासन ने किसानों की समस्या का तुरंत समाधान नहीं किया तो कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर बड़े आंदोलन की राह अपनाएगी।





### आश्वासन के बाद थमा आक्रोश

किसानों के आक्रोश को देखते हुए तहसीलदार ने उन्हें समझाया और लिखित में आश्वासन दिया कि गुरुवार तक खाद की आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जाएगी। तहसीलदार ने कहा कि शासन से लगातार संपर्क किया जा रहा है और किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराया जाएगा।

### पिछले साल से आधा भंडारण ही उपलब्ध

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 की तुलना में इस बार खाद का भंडारण आधा ही हुआ है। पिछले साल जिले में करीब 8,100 टन डीएपी वितरित किया गया था, जबकि इस साल महज 4,190 टन ही किसानों को उपलब्ध कराया गया है। धान का रकबा बढ़ने के बावजूद आपूर्ति में कटौती से स्थिति और गंभीर होती जा रही है। शासन ने डीएपी की कमी को एनपीके से पूरा करने के निर्देश दिए थे, लेकिन अब एनपीके भी समितियों में उपलब्ध नहीं है।

### चार तहसीलों में है खाद की किल्लत

जिले में इस बार चार तहसीलों में खाद की किल्लत है। जिनमें खरसिया, पुसौर, धरमजयगढ़ और घरघोड़ा ब्लॉक में एनपीके का स्टॉक पूरी तरह खत्म हो गया है। वहीं खरसिया, घरघोड़ा और लैलूंगा में डीएपी भी लगभग खत्म हो चुका है। समितियों में खाद का स्टॉक जीरो हो गया है और किसानों में अफरा-तफरी का माहौल है। धान की फसल में खाद डालने का अनुकूल समय होने के बावजूद किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। वर्ष 2024 की तुलना में इस बार खाद का भंडारण काफी कम हुआ है। पिछले साल जिले में करीब 8100 टन डीएपी वितरित हुआ था, जबकि इस साल महज 4190 टन ही उपलब्ध कराया गया है। धान का रकबा बढ़ने के बावजूद आपूर्ति कम होने से संकट गहराता जा रहा है। शासन ने डीएपी की कमी को एनपीके से पूरा करने का निर्देश दिया था, लेकिन अब वह भी उपलब्ध नहीं है। घरघोड़ा और लैलूंगा में यूरिया भी खत्म होने की स्थिति में है।



# एनटीपीसी लारा ने दिया शिक्षा को नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

▪ प्रभावित गाँवों के छात्रों के लिए करियर मार्गदर्शन

एनटीपीसी लारा ने अपने सामाजिक दायित्व और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए परियोजना प्रभावित गाँवों में स्थित सरकारी स्कूलों के 250 से अधिक विद्यार्थियों के लिए करियर परामर्श सह अभिविन्यास सत्र का आयोजन किया। यह आयोजन आकाश इंस्टीट्यूट के सहयोग से हुआए जिसमें छात्रों को विज्ञान एवं चिकित्सा के क्षेत्र में करियर बनाने और आईआईटी जेईई तथा नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं।

सत्र के दौरान आकाश इंस्टीट्यूट की विशेषज्ञ टीम ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए शुरुआती तैयारी, समय प्रबंधन और लक्ष्य निर्धारण पर मार्गदर्शन दिया। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि कैसे सीमित संसाधनों वाले विद्यार्थी भी सही रणनीति और मेहनत से बड़ी उपलब्धियाँ हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम में एनटीपीसी लारा के कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार, सीजीएम परियोजनाएँ रविशंकर, एजीएम मानव संसाधन जाकिर खान, डीजीएम मानव संसाधन अभिलाष केएस और प्रबंधक मानव संसाधन मनीष चतुर्वेदी उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति ने छात्रों में उत्साह बढ़ाया और यह संदेश दिया कि एनटीपीसी शिक्षा के क्षेत्र में भी समुदाय के साथ खड़ी है। प्रधानाचार्यए शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी इस अवसर पर मौजूद रहे। सत्र के अंत में प्रश्नोत्तर कार्यक्रम रखा गयाए जिसमें छात्रों ने अपनी जिज्ञासाएँ साझा कीं और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# वरिष्ठ पत्रकार अनिल होंगे अग्र विभूति सम्मान से अलंकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



▪ छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन का नवम अग्र अलंकरण समारोह 28 को रायपुर में

पत्रकारिता जगत में चार दशकों से सक्रिय और निर्भीक लेखनी के लिए चर्चित वरिष्ठ पत्रकार अनिल रतेरिया को अग्र विभूति पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

यह सम्मान उन्हें छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के नवम अग्र अलंकरण समारोह में 28 अगस्त को रायपुर स्थित एसएन पैलेस में प्रदान किया जाएगा। इस समारोह में समाज और राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों का अभिनंदन होगा। उनके चयन पर रायगढ़ के वरिष्ठ सामाजिक नेता बाबूलाल अग्रवाल ने प्रसन्नता जताई और कहा कि यह सम्मान केवल अनिल रतेरिया का ही नहीं बल्कि पूरे रायगढ़ के अग्रवाल समाज का सम्मान है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन निष्पक्ष और निःस्वार्थ पत्रकारिता को समर्पित किया है। अनिल रतेरिया ने 1986 में ख्यातिलब्ध पत्रकार गुरुदेव कश्यप के मार्गदर्शन में पत्रकारिता की शुरुआत की। 1995 से वे एक बड़े समूह से जुड़े और संयुक्त रायगढ़ जशपुर जिले के ब्यूरो हेड के रूप में 14 वर्षों तक अपनी तेज़तर्रार कलम से पहचान बनाई।

### समाज और उद्योग जगत से जुड़ाव

रतेरिया ने अग्रवाल समाज की गतिविधियों और आयोजनों को अपने समाचारों में प्रमुखता दी और समाज की ताकत को राज्यस्तर तक पहचान दिलाई। उन्होंने मंच संचालन, प्रबंधन और सामाजिक आयोजनों में भी सक्रिय भूमिका निभाई। रायगढ़ के उद्योग जगत से भी वे जुड़े और स्व. ओमप्रकाश जिंदल तथा नवीन जिंदल को शहर में विकास कार्यों के लिए प्रेरित किया।

# श्रमिकों से भरे वाहन के पलटने से 30 घायल

▪ महिला श्रमिक की मौत, 17 गंभीर, 9 घायल

**राउरकेला।** राउरकेला पुलिस जिले के बनाई अनुमंडल क्षेत्र में सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। केलो मार्ग पर केंद्री कला के पास श्रमिकों से भरी एक पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में एक महिला श्रमिक की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक श्रमिक घायल हुए। इनमें 17 की हालत गंभीर बताई जा रही है जिन्हें राउरकेला सरकारी अस्पताल आरजीएच रेफर किया गया, वहीं 9 अन्य का इलाज बनाई अस्पताल में जारी है।

सूत्रों के अनुसार केंद्रिकला और पांडुरिशिला गांव के श्रमिक वन विभाग के पौधारोपण कार्य के लिए केलो जंगल गए थे। काम समाप्त कर लौटते समय वैन अचानक पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वाहन तेज रफ्तार और



ओवरलोडिंग के कारण अनियंत्रित हुआ। हादसे के समय वैन में 30 से अधिक श्रमिक सवार थे। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को तत्काल बनाई हेल्थ सेंटर भेजा गया। प्राथमिक उपचार के दौरान एक महिला श्रमिक ने दम तोड़ दिया। वहींए गंभीर रूप से घायल श्रमिकों को बेहतर इलाज के लिए आरजीएच राउरकेला रेफर कर दिया गया। दर्जन भर घायलों को जेपी रेफर किया गया है। सूचना मिलने पर एन सी पी नेता डॉ राजकुमार यादवए भाजपा जिला अध्यक्ष पूर्णिमा केरकेटा, बीजद जिला अध्यक्ष कालिया त्रिपाठी, युवा नेता वीरेन्‍ पति, रोहित गर्ग समेत कई जनप्रतिनिधि अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल लिया। हादसे के बाद स्थानीयों में वन विभाग के प्रति नाराजगी देखी गई, क्योंकि विभाग ने इस पूरी घटना से अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। फिलहाल बनाई पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि दुर्घटनास्थल पर सड़क संकरी और खतरनाक मोड़ वाला है, जिस कारण आए दिन वाहन फिसलने से हादसे होते रहते हैं।

डीएफओ बोनई के अनुसार ष्ग्राम साथी के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया था एवं कमीशन के लालच में अधिक मजदूर ले जाये जा रहे थे इसमें रेंजर व वन विभाग का कोई हाथ नहीं है। घायलों को मदद की बात करने पर डी एफ ओ बोनई ने बताया कि जिलापाल महोदय को अनुशंसा कर 30000 दिलाने का प्रया किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार चर्चा है कि पौधरोपण कर फोटोग्राफी हेतु इन सभी को ले जाया जा रहा था, कारण जो भी हो वर्तमान में घायलों की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें हाईटेक जेपी अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# वादाखिलाफी से नाराज़ कर्मचारी : यादव



**रायगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री शाखा यादव ने प्रदेश की विष्णु देव सिंह सरकार पर आरोप लगाया है कि कर्मचारियों को मोदी की गारंटी के नाम पर गुमराह किया गया, लेकिन चुनाव बाद वादों को पूरा करने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। उन्होंने कहा कि यह कर्मचारियों के साथ विश्वासघात है। शाखा यादव ने बताया कि विधानसभा चुनाव में कर्मचारी अधिकारी वर्ग ने भाजपा को समर्थन देकर सत्ता में पहुँचाया था। लेकिन अब यही वर्ग उपेक्षा का शिकार होकर आंदोलन की राह पर है। हाल ही में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर रैली कर सरकार को घेरा था। इसके बावजूद सरकार की चुप्पी कर्मचारियों के असंतोष को और बढ़ा रही है। फेडरेशन की प्रमुख मांगों में केंद्र के समान डीए.डीआर लागू करनाए लंबित एरियर का भुगतान, पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करना, समयमान वेतनमान और पदोन्नति व्यवस्था में सुधार, नगरीय निकाय कर्मचारियों को नियमित वेतन, कैशलेस चिकित्सा सुविधा और अनुकंपा नियुक्ति से जुड़ी शर्तों को समाप्त करना शामिल है।

# कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं नियमानुसार निराकरण के दिए निर्देश

**रायगढ़।** जिला कलेक्टोरेट परिसर में आज आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओंए मांगों और शिकायतों को गंभीरता से सुना।

कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का नियमानुसार और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाएए ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके। जनदर्शन में शासकीय प्राथमिक शाला विजयपुर की प्रबंधन समिति ने विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति और लगातार बारिश के कारण छत से पानी टपकने की समस्या बताई तथा भवन के जीर्णोद्धार की मांग



रखी। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम टीनमिनी की सुभाषिनी पटेल ने अपनी जमीन का ऑनलाइन रिकॉर्ड दुरुस्त करने की मांग की। वहीं, गांधीनगर की दुर्गा सोनी ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनके पति प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में नियमित रूप से प्रीमियम जमा करते थे। उनके पति की दुर्घटना में मृत्यु हो जाने के बाद उन्होंने बीमा क्लेम राशि दिलाने का आग्रह किया। इसी प्रकार ग्राम बालमगोड़ा के चेतन सिंह पटेल ने भूईया पोर्टल में रकबा संशोधन, ग्राम पंचायत पंडरीपानी की जानकीबाई चौहान ने प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृतिए ग्राम पंचायत बासनपाली के सरपंच ने ग्राम में सहकारी समिति स्वीकृत कराने तथा ग्राम बरपाली के दीनानाथ पटेल ने शासकीय तालाब पर अतिक्रमण की शिकायत कर सीमांकन कराने की मांग रखी। जनदर्शन में अन्य ग्रामीणों ने भी अपनी.अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

# सांसद के प्रतिनिधित्व में हरदिहा पटेल समाज पहुंचा दिल्ली

**रायगढ़।** हरदिहा पटेल समाज के प्रतिनिधि लगातार अपनी जाति पटेल हरदिहा, मरार को केंद्र सरकार की पिछड़ा वर्ग की सूची में जोड़वाने हेतु संघर्ष रत है।

इसी कड़ी में अपने समस्या को लेकर रायगढ़ के सांसद राधेश्याम राठिया के प्रतिनिधित्व में रायगढ़ हरदिहा पटेल समाज के जिला सचिव नारायण पटेल एवं जिला कोषाध्यक्ष ऊर्जा वान भाई जगजीवन पटेल दिल्ली पहुँचकर विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों आठवाले, तोखन साहू, खटिक, शेखावत से मुलाक़ात कर अपनी जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल करने हेतु निवेदन किया गया, विभागीय मंत्री आठवाले जी



ने अपने निज सहायक को तत्काल नोट शीट बढ़ाने हेतु आदेशित किया गया। सांसद के विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए हरदिहा पटेल समाज जिला रायगढ़ की ओर से बहुत बहुत आभार व्यक्त किया गया है।

**न्यायालय तहसीलदार, घरघोड़ा, जिला रायगढ़ (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. // अ-21/2024-25
साकिन-घरघोड़ा प.ह.न. 14
**-: ईश्तहार :-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती आशा शर्मा पति शिव कुमार शर्मा निवासी ग्राम घरघोड़ा तहसील घरघोड़ा जिला रायगढ़ द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि ग्राम घरघोड़ा प.ह.नंबर 14 तहसील घरघोड़ा में उसके भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 30/29 रकबा 0.018 हे. परिवर्तित भूमि है। रकम की आवश्यकता होने के कारण उक्त भूमि को क्रेता प्रवीण शर्मा पिता प्यारेलाल शर्मा निवासी कोलम तहसील तमनार को उक्त भूमि विक्रय करने की अनुमति दिये जाने का निवेदन किया गया है। जो इस न्यायालय को जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

प्रस्तुत आवेदन के संबंध में इस न्यायालय में दिनांक 29/08/2025 को सुनवाई नियत की गई है। उक्त संबंध मे जिसे किसी को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दिनांक 29.08.2025 को इस न्यायालय मे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई भी विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**घरघोड़ा**

## सरसींवा में अग्रवाल महिला समिति ने निकाली शोभायात्रा

# राणी सती दादी का मंगलपाठ धूमधाम से मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

नगर के स्मृति भवन में रविवार को श्री राणी सती दादी जी का महामंगल पाठ बड़े ही श्रद्धा और धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अग्रवाल महिला समिति द्वारा भव्य आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध गायक केशव साहू एवं उनका म्यूजिकल ग्रुप शामिल हुआ। केशव साहू की मधुर आवाज़ पर महिलाएं झूम उठीं और पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। साहू ने कहा कि सरसींवा से मेरा विशेष नाता है, यहां की महिलाओं की भक्ति अद्भुत है।

कार्यक्रम की शुरुआत में अग्रवाल समाज की महिलाओं ने भव्य शोभायात्रा निकाली। यह यात्रा महामाया कृषि केंद्र से प्रारंभ होकर मेन रोड होते हुए सरायपाली चौक से निकलकर स्मृति भवन पहुंची। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और नवयुवक शामिल हुए। यात्रा के



दौरान जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। स्मृति भवन पहुंचते ही दादी जी की शोभायात्रा का स्वागत भव्य आतिशबाजी से किया गया। पुलिस विभाग ने भी शोभायात्रा में विशेष सहयोग दिया, जिसके लिए अग्रवाल महिला समिति ने आभार जताया।

### वैदिक विधि से पूजन और दादी जी का इतिहास

कार्यक्रम में महिलाओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की। आयोजन के दौरान राणी सती दादी जी के जीवन प्रसंग और इतिहास का उल्लेख भी किया गया। मान्यता है कि महाभारत युद्ध में अभिमन्यु के वीरगति प्राप्त करने पर उनकी पत्नी उत्तरा को श्रीकृष्ण ने वरदान दिया था कि कलियुग में वे "राणी सती" के नाम से पूजित होंगी। इसी वरदान के फलस्वरूप दादी जी का जन्म कार्तिक शुक्ल नवमी संवत 1338 (28 अक्टूबर 1281 ईस्वी) को हुआ था। दादी जी का विवाह हिसार के सेठ जालीराम के पुत्र तनधन दास से हुआ। विवाह के बाद हुए संघर्ष में जब तनधन दास वीरगति को प्राप्त हुए तो नारायणी बाई ने चंडी का रूप धारण कर शत्रुओं का संहार किया और सती हो गईं।

